


नवभारत 04
इंदौर, शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025


## एक नजर में

### रोजगार मेले में 70 युवाओं का चयन

**झाबुआ।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिये जनपद पंचायत मेघनगर में युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में उपस्थित निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 70 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मेघगर, प्राचार्य आईटीआई झाबुआ, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्यो ग केन्द्र, श्रम विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेघनगर एवं एनआरएलएम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रा के निराकरण के लिए 15 से 19 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होंगे शिविर

**आलीराजपुर ।** महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रा, निष्क्रिय जीपीएफ खाते, पार्ट वांट/फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिए इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर आयोजन का सिलसिला 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 19 ?दिसम्बर 2025 तक चलेगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे के निर्देशानुसार सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रा तथा सामान्य भविष्य निधि जागरुकता से संबंधित शिविर का आयोजन 15 दिसंबर से 19 दिसम्बर 2025 तक कलेक्टर कार्यालय, प्रशासनिक संकूल परिसर,मोती तबेला, इंदौर के कक्ष क्रमांक 112 प्रथम तल में किया जायेगा। यह शिविर संभागीय स्तर पर भी आयोजित होंगे।इसलिए कार्य सुविधा की दृष्टि से इंदौर एवं उज्जैन संभाग के अन्य जिला कोषालयों में शिविरों के आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित की गई हैं। शिविर इंदौर के साथ ही 15 दिसम्बर को उज्जैन में, 16 दिसम्बर को खण्डवा और आलीराजपुर में, 17 दिसम्बर को बड़वानी और खरगोन में, 18 दिसम्बर को धार और झाबुआ में तथा 19 दिसम्बर को देवास और बुरहानपुर जिला कोषालय में शिविर आयोजित होंगे। शिविर में प्रत्येक आहरण एवं संवितरण अधिकारी के प्रतिनिधि को भी आवश्यक रुप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। शिविर में शासकीय सेवकों के गुमशुदा कटौत्रा, निष्क्रिय खातों, पार्ट वांट/फुल वांट एवं अ प्रविष्ट मद से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जायेगा। शिविर से संबंधित किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए जिला कोषालय इंदौर से संपर्क किया जा सकता है।समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों से अपील की गई है कि जीपीएफ के प्रकरणों का परीक्षण कर समस्त संबंधित दस्तावेज जैसे सामान्य भविष्य निधि कटौत्रा पत्रक, वेतन देयक, चालान की प्रति, कैश बुक, बिल रजिस्टर आदि की प्रमाणित प्रति सहित शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवाए। शिविर में जीपीएफ के अंतिम भुगतान प्रकरणों में बरती जाने वाली सावधानियां एवं जीपीएफ संबंधी अन्य जरूरी मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

### टंट्या मामा महान क्रांतिकारी एवं शूरवीर योद्धा होकर देश की आजादी में रहा महत्वपूर्ण योगदान - : भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया



**झाबुआ।** देश के अमर शहीद क्रांतिकारी टंट्या भील के शहादत दिवस पर जिला भाजपा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय मोजीपाड़ा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अतिथि एवं वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालने के साथ उनसे प्रेरणा लेने की बात कहीं। बाद रानापुर तिराहे पर समस्त भाजपाईयों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर 11.30 बजे से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेष दुबे, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरू भूरिया, जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटिला आदि ने शूरवीर टंट्या मामा के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने बताया कि टंट्या मामा जैसे महापुरूष ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। उनका बलिदान शौर्यता और वीरता को प्रकट करता है भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम पश्चात् उपस्थित समस्त भाजपाईयों द्वारा रानापुर तिराहे पर टंट्या भील की प्रतिमा स्थल पहुंचकर यहां प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सभी ने टंट्या मामा अमर रहे ... के सामूहिक जयघोष भी लगाए। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व देवझिरी मंडल अध्यक्ष सुरभान गुंडिया, मेजिया कटारा, अभाविप के पूर्व जिला संयोजक कापसिंह भूरिया, युवा छात्र नेता पवन परमार के साथ अन्य भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मप्र करणी सेना परिवार के प्रमुख ठा. जीवनसिंह शेरपुर का 5 दिसंबर को झाबुआ आगमन



**झाबुआ।** मप्र के हरदा में होने वाले ऐतिहासिक 'जन क्रांति आंदोलन' की अलख जगाने और 21 सूत्रीय मांगों को लेकर समाज को जागरूक करने हेतु मप्र करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवनसिंह शेरपुर का 5 दिसंबर, शुक्रवार को झाबुआ आगमन होगा।इस अवसर पर करणी सेना परिवार एवं राजूपत समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। वहीं स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित अंबा रिसोर्ट पर शुक्रवार दोपहर 2 बजे से हरदा 'जनक्रांति आंदोलन' को लेकर कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। जिसमें समस्त करणी सेना परिवार के साथ राजपूत समाज झाबुआ के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं और मातृशक्तियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने हेतु अपील की गई है। ठा. जीवनसिंह शेरपुर, मप्र करणी सेना प्रमुख।

### टंट्या मामा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**झाबुआ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा वीर क्रांतिकारी टंट्या मामा के शहादत दिवस पर 4 दिसंबर, गुरूवार को स्थानीय बस स्टैंड पर यात्री प्रतिक्षालय में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालने के साथ सभी ने टंटया मामा को याद कर नमन किया। जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि सर्वप्रथम भायजुमो के सभी पदाधिकारी एवं युवा कार्यकर्ताओं ने टंट्या मामा की प्रतिमा एवं स्थल की सफाई की। बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवस पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान ने बताया कि टंट्या मामा ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी।



आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष थावरिया अमलियार एवं सोनूअली सैयद, जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मखोड़िया, युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष शक्तिसिंह देवड़ा, युवा छात्र नेता पवन परमार, कापसिंह भूरिया, विवेक, तारेंद्र कटारा सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजाद नगर पुलिस ने किया चार चोरियों का एक साथ खुलासा



**आलीराजपुर ।** थाना आज़ाद नगर पुलिस ने वर्ष 2025 में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही सतत एवं योजनाबद्ध कार्रवाई के अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पिछले तीन-चार महीनों से थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों द्वारा लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। इन घटनाओं के कारण ग्रामीणों एवं कस्बे के आमजन में भय था। पुलिस लगातार प्रयासरत थी परंतु आरोपियों का पता न चल पाने से यह घटनाएँ पुलिस के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई थीं। इन परिस्थितियों में आज़ाद नगर पुलिस ने गंभीरता और संपत्ति संबंधी अपराधों में व?यवसायिक दक्षता का परिचय देते हुए एक साथ चारों चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करनें बड़ी सफलता प्राप्त की है।

घटनाओं का क्रम व तरीका वारदात-थाना आज़ाद नगर क्षेत्र में वर्ष 2025 के दौरान चार प्रमुख चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए। ये सभी घटनाएँ रात्रि के समय सुनसान एवं घरों या दुकानों की कमज़ोर सुरक्षा को निशाना बनाकर की गई थीं।

1. ग्राम रिंगोल लाड़ी वरिया फलिया में फरियादी के घर की खिड़की तोड़कर प्रवेश कर चांदी का कंदौरा व नगदी रकम चोरी की गई।

2. ग्राम संदा पुजारा फलिया में बदमाशों ने खिड़की के नीचे खुदाई कर अलमारी का ताला तोड़ा और दो किलो के लगभग चांदी के आभूषण तथा नगदी चुरा ली।

3. कासट सड़क फलिया में रात्रि में घर में घुसकर 70,000 रुपये नगद व चांदी के जेवर चोरी किए गए।

4. मंडी रोड स्थित प्राची फैशन दुकान में शटर व चैनल गेट तोड़कर गल्ले से लगभग 25,000 रुपये चोरी किए गए, जिसकी पुष्टि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों से हुई।

इन चारों घटनाओं में कुल मिलाकर करीब 2.30 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति, जिसमें लगभग दो किलोग्राम चांदी एवं नकदी रकम, चोरी हुई थी। घटनाओं की समानता एवं तरीके से पुलिस को यह आभास हुआ कि इन वारदातों के पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है जो सोची-समझी योजना के तहत रात्रिकाल में संपत्ति संबंधी अपराधों को अंजाम दे रहा है।

पुलिस की रणनीति-घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट श्री रविन्?द्र राठी के पर्यवेक्षण में आज़ाद नगर पुलिस ने टीम गठित की। गठित पुलिस टीम के द्वारा वरिष्?ठ अधिकारियों के निर्देशन मे घटना का निरीक्षण किया, घटनाओं के समय की गतिविधियों एवं तरीका वारदात का सूक्ष्?मता से अध्ययन कर पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और क्षेत्र में संदेहास्पद गतिविधियों तथा व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी। तकनीकी साधनों, क्षेत्र में आने-जाने वालों की गतिविधियों आदि का गहन विश्लेषण किया गया। निरंतर प्रयासों के बाद पुलिस को महत्वपूर्ण सूचनाएँ मिलीं और इनके आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

गिरफ्तार आरोपी-पूछताछ के दौरान जिन तीन आरोपियों ने चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की, वे हैं—

1. रमेश पिता मानसिंह मेड़ा भील, उम्र 42 वर्ष, निवासी बड़ी जुवारी पुजारा फलिया

2. जाहिंग पिता दिता डामौर भील, उम्र 25 वर्ष, निवासी खुदांबा फलिया अमनकुआ

3. एक नाबालिग आरोपी, निवासी बड़ी जुवारी

इन आरोपियों ने सभी चार चोरियों को अंजाम देने की बात स्वीकार कर यह स्पष्ट किया कि वे रात्रि के समय सुनसान स्थानों को लक्ष्य बनाते थे और घरों एवं दुकानों की कमजोर सुरक्षा का फायदा उठाते थे। उनकी कार्यप्रणाली संगठित और योजनाबद्ध थी, जिससे वे घटनास्थल से फरार होने में सफल हो जाते थे।बरामदगी एवं पुलिस की सफलता- गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस द्वारा लगभग दो किलोग्राम चांदी बरामद की गई है, जो चोरी की घटनाओं से संबंधित है।

> इसके साथ ही चोरी के पैसों से खरीदी गई एक बोलेरो वाहन भी पुलिस ने जप्त की है। आरोपियों का नेटवर्क संभवत: अन्य जगहों तक फैला हुआ हो सकता है। इसी कारण पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और संभावना है कि आने वाले दिनों में और भी वारदातों का खुलासा हो सके।उपलब्धि का महत्व-थाना आज़ादनगर द्वारा की गई यह कार्रवाई वर्ष 2025 में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस के सामने चुनौती बना हुआ था। इस सफलता ने न केवल इन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी सुदृढ़ होगी। सराहनीय भूमिका इस बड़ी कार्रवाई में कई पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें—थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराम तरोले सउनि तिलकराज पंवार सउनि दिनेश नरगावे सउनि भूपेन्?द्र नायक प्रआर सायबर सेल दिलीप चौहान प्रआर जवसिंह आर प्रदीप आर मुकेश आर विजय एवं आर भारत का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में किया शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**आलीराजपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में जिले में एसआईआर का कार्य 4 नवंबर से जारी था। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 03.12.2025 को रात्रि 9 बजे तक शत प्रतिशत गणना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन किया गया है। जिले की कुल मतदाता संख्या 594273 है, जिसमें पुरुष 293206, महिला 301061 तथा अन्य 06 मतदाता शामिल हैं जिनका डिजिटाइजेशन कर लिया गया है।**

इस उपलब्धि के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार तथा स्थानीय वालंटियर ने घर-घर संपर्क कर फार्म भरवाने में सहयोग किया गया। लंबित मतदाताओं की सूची तैयार कर प्रत्येक परिवार से संपर्क किया गया। मैपिंग संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर ही ऑनलाइन सर्च कर किया गया। साथ ही जो लोग मजदूरी हेतु बाहर गए मतदाताओं के परिवारजनों से विधानसभा एवं जिला कॉल सेंटर द्वारा प्रतिदिन संपर्क किया गया साथ ही विशेष पुनरीक्षण में सहायता हेतु टोल-फ्री नंबर 1950, तथा विधानसभा और जिला स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से भी मैपिंग और गणना पत्रक भरने में निरंतर सहायता प्रदान की गई।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि आलीराजपुर जैसे पिछड़े जिले में विषम परिस्थितियों में एसआईआर की टीम ने लगातार कार्य किया तथा वीसी के माध्यम से निरंतर इस कार्य की समीक्षा भी की गई।



उन्होंने एसआईआर कार्य को समय सीमा से पूर्व पूरा करने के लिए आलीराजपुर जिले की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया साथ ही एसआईआर के कार्य में लगे समस्त अमले और अधिकारियों को इस कार्य को लगन से करने पर सराहना की और धन्यवाद किया।



## आसमान में उड़ाए गुब्बारे, दिया जागरुकता का संदेश

**झाबुआ।** विश्व एड्स दिवस के तहत जारी साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम में जीवन ज्योति हेल्थ सर्विस झाबुआ द्वारा मेघनगर बस स्टैंड पर 'लाल गुब्बारा अभियान' नामक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

संस्था के डायरेक्टर फादर पीए थॉमस ने बताया की गैस से भरे गुब्बारों पर जागरूकता संदेश, भेदभाव-मुक्त समाज बनाने की प्रतिज्ञाएं तथा सुरक्षा व्यवहार अपनाने का संकल्प लिखा गया था। बस स्टैंड पर उपस्थित जन समुदाय के साथ मिलकर आसमान में गुब्बारे उड़ाए गए। जिला परियोजना प्रबंधक ज्योति चौहान ने कहा कि समुदाय में एचआईवी एडस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भेदभाव कम करना और सभी को सुरक्षित व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। संस्था के भावेश सोलंकी ने एचआईवी की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार की निरंतरता तथा सुरक्षित जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि एचआईवी एडस के प्रति सही जानकारी, सहयोग और संवेदनशीलता ही सुरक्षित एवं स्वस्थ समाज की नींव है।



## आदिवासी समाज की सभा कर ज्ञापन सौंपा

**आलीराजपुर ।** आलीराजपुर बस स्टैंड पर सोमवार को आदिवासी समाज की अब तक की सबसे ऐतिहासिक, विशाल और जनसैलाब जैसी सभा आयोजित हुई। हजारों की संख्या में समाजजन एकत्र हुए और अपने संवैधानिक अधिकारों, विकास और न्याय की मांगों को लेकर एकजुट दिखाई दिए। इस पूरे जन आंदोलन का नेतृत्व आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने किया, जिन्होंने अपने तेज़ और सीधे वक्तव्य के जरिए सरकार पर तीखा प्रहार किया। महेश पटेल का सीधा सवाल कैबिनेट मंत्री सदन क्यों छोड़कर भागते हैं? सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान अपने विभाग से जुड़े सवालों का जवाब देने से बचने के लिए बार-बार विधानसभा से अनुपस्थित रहते हैं। सरकार आदिवासी मुद्दों पर मौन है, 'उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन पर आदिवासी समाज का अधिकार जन्मसिद्ध है ।

सभा समाप्त होने के बाद हजारों की भीड़ ने बड़े जनसैलाब के रूप में रैली निकाली। र माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।टंट्या मामा चौराहे पर माल्यार्पण के पश्चात प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम तपिस पांडे को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी मंच से घोषणा, पीडब्ल्यूडी ने जारी की मंजूरी

> ▶ आलीराजपुर को बड़ी सौगात: कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से 98 .56 करोड़ की 10 नई सड़कें स्वीकृत

**आलीराजपुर। जिले के ग्रामीण अंचलों के विकास को गति देने के लिए बड़ी घोषणा अमल में आ गई है। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से किए गए आग्रह के बाद लोक निर्माण विभाग ने 98.56 करोड़ रुपए की लागत से 10 नई सड़कों को मंजूरी प्रदान कर दी है। ये सड़कें कुल 57.60 किमी लंबाई में बनी होंगी और योजना क्रमांक 2457 से इनका वित्तीय प्रावधान किया गया है।**

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के कार्यक्रम में मंत्री चौहान द्वारा रखी गई मांग का तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से ही इन सड़कों की घोषणा की थी। मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास है, और यह स्वीकृति उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन मार्गों से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा, कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापार में भी वृद्धि होगी।



विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि 10 नई सड़कों के साथ दो महत्वपूर्ण सड़कों के 6.20 करोड़ रुपए के मजबूतीकरण को भी स्वीकृति मिली है, जिससे कुल 27.1 किमी सड़कों की गुणवत्ता में सुधार होगा।

10 नई स्वीकृत सड़कें (लागत 98.56 करोड़ रुपए)

1. आजन्दा-काकडिया-आम्बा फलिया से सोलीया - 6 किमी - ?750 लाख

2. सेजगांव महादेव फलिया से काकरिया फलिया - 6 किमी - ?932.59 लाख

3. गडात से बेहड़वा - 3.60 किमी - ?471.11 लाख

4. फाटा मेन रोड से माछलिया - 5 किमी - ?625 लाख

5. लोढ़नी से नाचनखली फलिया होते हुए औझड़ रोड - 4.50 किमी - ?575 लाख

6. अचपाई सिमोड़ा फलिया से बुरमा - 4.5 किमी - ?1125.75 लाख

7. किटी से बड़ीमाल - 9.80 किमी - ?2234.64 लाख

8. झडोली-वेलार फलिया से डेहरी - 7 किमी - ?1437.01 लाख

9. बोकड़िया से गुजरात सीमा - 6.30 किमी - ?821.30 लाख

10. रोडधू मेन रोड से सुमन्यावाट दलखनी फलिया - 4.90 किमी - ?881.94 लाख

दो सड़कों का होगा मजबूतीकरण (लागत 6.20 करोड़ रुपए)

1. जोबट-बोरी पारा मार्ग (20.40 किमी) - ?520 लाख2. ओझड़-थोड़सिंधी मार्ग (6.70 किमी) - ?100 लाख

एक नजर में ▶ लोक निर्माण विभाग ने जारी किए आदेश, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शुरू किए जाएंगे निर्माण

# मंत्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से मिली 12 नवीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी

**झाबुआ। मप्र शासन की केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग ने आदिवासी अंचल झाबुआ में 12 नवीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है। इनकी कुल लागत 25 करोड़ 74 लाख 20 हजार रुपए है।**

इन सड़कों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुपूरक बजट में शामिल कर लिया गया है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू किए जाएंगे। दरअसल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मंत्री निर्मला भूरिया को लोगों ने सड़कों की समस्या से अवगत करवाया था। लिहाजा उन्होंने अपनी ओर से प्रस्ताव तैयार कर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह को प्रेषित किए थे। साथ ही व्यक्तिगत रूप से उन्होंने सड़क निर्माण की आवश्यकता बताई थी। ऐसे में लोक निर्माण विभाग ने आदिवासी अंचल के लिए आवश्यक सड़कों पर मंजूरी की मोहर लगा दी। इस पर मंत्री सुश्री भूरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया है।



इन सड़कों को मिली मंजूरी

भगोर-हत्यादेली-पेटलावद मार्ग लंबाई 12.81 किमी लागत 320.25 लाख, झिरी-उमरकोट-देवली-मानसिया मार्ग एवं कुंभाखेड़ी-फाटा मार्ग लंबाई 9.90 किमी लागत 247.50 लाख, जामली-सामली मार्ग एवं धतुरिया पीठड़ी व्हाया आंबापाड़ा मार्ग लंबाई 9.37 किमी लागत 234.25 लाख, गंगाखेड़ी-मांडन मार्ग एवं रायपुरिया से सारंगी व्हाया सागड़िया मार्ग लंबाई 8.84 किमी लागत 221 लाख, पेटलावद-रूपगढ़ हनुमान मंदिर मार्ग एवं नहारपुरा-खिजड़ी-चैनपुरी मार्ग लंबाई 7.01 किमी लागत 175.25 लाख, पिटोल ग्रामीण एसएच-47 का छूटा हुआ भाग लंबाई 2.62 किमी लागत 157.20 लाख, नरसिंहपुरा फाटक तलावली मार्ग एवं मदरानी-चौखवाड़ा मार्ग लंबाई 4.60 किमी लागत 115 लाख, पिथनपुर धमोई मार्ग लंबाई 3.98 किमी लागत 110 लाख, पानकी-झकेला व्हाया रोटला मार्ग लंबाई 4.25 किमी लागत 106.25 लाख, झाबुआ-जोबट रोड़ से धरमपुरी पहुंच मार्ग लंबाई 2 किमी लागत 300 लाख, ग्राम सुवापाट से राजकीय राज्य मार्ग 39ए तक मार्ग निर्माण लंबाई 2.20 किमी लागत 275 लाख एवं सिविल अस्पताल से राजकीय राज्यमार्ग (अनंतखेड़ी फाटा) मार्ग लंबाई 2.50 किमी लागत 312.50 लाख रूपए के निर्माण कार्य स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रिया के बाद जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ करवाए जाएंगे।

> **विकास मप्र सरकार की प्रतिबद्धता**
>
> विकास मप्र की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता है। हम इसी विजन को लेकर कार्य कर रहे हैं। इन सड़क निर्माण कार्यों से ना केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि किसानों को भी लाभ मिलेगा। क्षेत्र के व्यापार-व्यवसाय में भी वृद्धि होगी। निर्मला भूरिया, केबिनेट मंत्री, मप्र शासन।